मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—**cm-445**
**12/07/2026**

# पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 सत्येन्द्र नारायण सिन्हा जी की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 12 जुलाई 2026 :— पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 सत्येन्द्र नारायण सिन्हा जी की जयंती के अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) श्री अता हसनैन एवं मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने स्व0 सत्येन्द्र नारायण सिन्हा पार्क, श्रीकृष्णापुरी में आयोजित राजकीय समारोह में स्व0 सत्येन्द्र नारायण सिन्हा जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, नागालैंड एवं केरल के पूर्व राज्यपाल श्री निखिल कुमार, विधायक श्री श्याम रजक, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, पटना के जिलाधिकारी श्री कुंदन कुमार, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के0 शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी स्व0 सत्येन्द्र नारायण सिन्हा जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर सूचना एवं जन—सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा भजन—कीर्तन, आरती पूजन, राष्ट्रीय गीत, राष्ट्रगान एवं बिहार गीत का गायन किया गया।

******